# नॉर्वे आना

# Arrivando in Norvegia

Aamiina

Julie Cornelia van Walsum

Pratibha Singh

5

हिन्दी hi / Italiano it

मेरे दो भाई और मैं दिसंबर 2016 में नॉर्वे आए थे। हमने गर्मियों के कपड़े पहने थे क्योंकि हमें लगा था कि नॉर्वे में उतनी ही गर्मी होगी जितनी सोमालिया में हुआ करती थी। हालाँकि, जब हम हवाई अड्डे पर पहुँचे, तो बर्फ़ गिर रही थी। हमें ठंड लग रही थी और मौसम सर्द था। हालाँकि हम कुछ सूटकेस लाए थे, लेकिन उनमें केवल गर्मी के कपड़े थे।

• • •

I miei due fratelli ed io siamo arrivati in Norvegia nel dicembre del 2016. Indossavamo abiti estivi perché pensavamo che in Norvegia avrebbe fatto caldo come in Somalia. Ma quando arrivammo in aeroporto stava nevicando. Avevamo freddo, il clima era gelido. Sebbene avessimo portato varie valigie, c’erano solo abiti estivi dentro.

भले ही ठंड थी, लेकिन जब हम नॉर्वे आए तो मुझे बहुत खुशी हुई। मैं आखिरकार अपनी माँ से दोबारा मिलूँगी, जिन्हें मैंने छह साल से नहीं देखा था। मेरी माँ और उनके दो दोस्त हमसे मिले। जब हमने उन्हें देखा तो हम खुशी से रो पड़े। हम उस छोटे से शहर में गए जहाँ माँ रहती हैं।

• • •

Nonostante il freddo, ero contenta di essere venuta in Norvegia. Avrei finalmente riabbracciato mia madre, che non vedevo da sei anni. Mia mamma e due sue amiche erano venute a prenderci. Quando le abbiamo viste siamo scoppiate a piangere per la gioia. Ci hanno portato nella cittadina dove vive mia madre.

माँ के शहर में शुरुआती कुछ दिन बड़े अजीब बीते। यह जगह ठंडी और बर्फीली थी, साथ ही वहाँ देखने के लिए कुछ ख़ास नहीं था। सड़कें पूरी तरह खाली थीं। मैं जिन कुछ लोगों से मिली, वे मिलनसार नहीं लग रहे थे। सोमालिया में हर जगह लोग हुआ करते थे, इसलिए यहाँ सब कुछ अनजाना सा लगा। मेरी माँ और उनकी सहेलियों ने हमें कुछ उपहार दिए, और फिर वह हमें सर्दियों के कपड़े खरीदने ले गईं।

• • •

I primi giorni in quella cittadina sono stati molto strani. Nevicava, faceva freddo e non c’era molto da vedere. Le strade erano completamente vuote. Le poche persone che incontravo sembravano fredde e poco amichevoli. In Somalia c’è gente dappertutto, quindi qui ogni cosa sembrava estranea. Mia madre e le sue amiche ci hanno fatto dei regali, e poi lei ci ha portato ad acquistare vestiti invernali.

क्रिसमस की छुट्टियों के बाद मैं वयस्क शिक्षा केंद्र में नॉर्वे के एक कोर्स में शामिल हुई। मैंने शुरुआत करने के लिए एक साधारण स्कूल में दाखिला लेने से पहले दो सालों तक वहाँ पढ़ाई की। अब मैं अपने अंतिम वर्ष में हूँ और मैंने कई नए दोस्त बना लिए हैं। मैं बहुत मिलनसार हूँ और अन्य लोगों से मिलने में मुझे मज़ा आता है।

• • •

Dopo le vacanze di Natale, mi sono iscritta a un corso di norvegese presso un centro scuola per adulti. Ho studiato per due anni lì prima di essere ammessa in una scuola pubblica. Ora sono all’ultimo anno e ho fatto tante nuove amicizie. Sono molto socievole e amo conoscere altra gente.

स्कूल के बाद मैं स्वयंसेवकों द्वारा संचालित एक केंद्र पर जाती हूँ जहाँ मुझे अपने गृहकार्य में मदद मिलती है। मैं केंद्र में एक सिलाई पाठ्यक्रम में भी शामिल हुई हूँ।

• • •

Dopo la scuola vado in un centro gestito da volontari dove mi aiutano a fare i compiti. Lì frequento anche un corso di cucito.

सोमालिया में मैं कभी स्कूल नहीं गई या कुरान स्कूल को छोड़कर कोई कोर्स नहीं किया। मुझे पढ़ना या लिखना नहीं आता था। अब मैंने सीखा है कि सोमाली और नॉर्वेजियन और कई अन्य विषयों में कैसे लिखना है। शिक्षा के बिना मुझे लगा था कि मैं कुछ भी नहीं हूँ। अब मैं जानकार और खुशी महसूस करती हूँ।

• • •

In Somalia non sono mai andata a scuola né ho fatto corsi eccetto la scuola coranica. Non sapevo leggere né scrivere. Ora ho imparato a scrivere sia in norvegese che in somalo, e molte altre cose. Senza istruzione, sentivo che non ero nessuno. Ora mi sento informata e felice.

अगले साल मैं स्वास्थ्य और युवा विकास अनुभाग में माध्यमिक विद्यालय शुरू करूँगी। भविष्य में मैं एक युवा कार्यकर्ता बनना चाहती हूँ। अपनी शिक्षा पूरी कर लेने के बाद, मेरा सपना एक स्थायी नौकरी पाने का है। मैं ड्राइव करना भी सीखना चाहती हूँ और अपना ड्राइवर लाइसेंस हासिल करना चाहती हूँ।

• • •

L’anno prossimo andrò alla scuola secondaria, con indirizzo “sviluppo salute e gioventù”. In futuro voglio diventare operatore giovanile. Quando avrò completato la mia istruzione, sogno di avere un lavoro fisso. Voglio anche imparare a guidare e prendere la patente.

अगर मैं सोमालिया में रहती, तो मेरे ख़्याल से अब तक मैं एक माँ बन चुकी होती। शायद मेरे कई बच्चे हो चुके होते। अगर मैं सोमालिया में होती, तो मेरे पास यह सब अवसर नहीं होते, जो अब मेरे पास हैं। नॉर्वे में रहकर, मैं अपने आपको भाग्यशाली समझती हूँ।

• • •

Se fossi rimasta in Somalia, penso che adesso sarei già madre. Forse avrei già diversi figli. In Somalia non avrei tutte le opportunità che ho adesso. Mi sento fortunata a vivere in Norvegia.

# LIDA Stories

lidastories.net

## नॉर्वे आना

## Arrivando in Norvegia


Aamiina
Julie Cornelia van Walsum
Pratibha Singh (hi), Andrea Ciasca Marra (it)


CC BY